**Fifteenth Loksabha**

**Session : 2**
**Date : 20-07-2009**

**Participants : Ramkishun Shri**

>

Title : Need to construct an overbridge on N.H.2 at Chakiya Mugalsarai in Chandauli district of Uttar Pradesh.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-2 पर स्थित जनपद चंदौली उत्तर प्रदेश के चकिया मुगलसराय मार्ग पर ओवर ब्रिज नहीं बनाये जाने से पिछले वााौ से अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा इस राट्रीय राजमार्ग एन.एच-2 के बाईपास मोहनसराय से नौबतपुर तक कई दर्जन लोगों की जानें जा चुकी हैं। कई दर्जन लोग अपंग और अपाहिज हो चुके हैं। राट्रीय राजमार्ग एनएच-2 पर स्थित गांव के लोगों को दुर्घटनाओं को ज्यादा शिकार होना पड़ रहा है। आदमियों से लेकर पशु, बच्चे, ट्रैक्टर, गरीब, मजदूर आदि दुर्घटनाओं से प्रभावित हो रहे हैं। गांव से जो लोग रोजगार के लिए आस-पास के शहरों में आते-जाते हैं, वे भी इन दुर्घटनाओं से प्रभावित होते हैं तथा कभी-कभी इन दुर्घटनाओं के चलते कानून व्यवस्था बनाये रखने की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है तथा आम जनता कई बार आंदोलित हो चुकी है।

अतः सदन के माध्यम से भारत सरकार से मेरी मांग है कि लोक महत्व के अविलम्बनीय विाय को देखते हुए राट्रीय राजमार्ग एनएच-2 पर स्थित चकिया मुगलसराय रोड पर एक ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाये और राट्रीय राजमार्ग एनएच-2 पर प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक ठोस कार्यक्रम बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें।